

# डेढ़ माह बाद भी बैगा बस्ती बेहाल

## नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक-22 अमलोरी के बैगा बस्ती का हाल



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली,22 जून। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 22 एनसीएल परियोजना अमलोरी में स्थित बैगा बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है।**

डेढ़ माह पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री राधा सिंह, एनसीएल के अधिकारियों, सिंगरौली एसडीएम तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने बस्ती का दौरा कर समस्याओं का निरीक्षण किया था और एक सप्ताह के भीतर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हालात में कोई विशेष बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है।

बस्तीवासियों का कहना है कि उस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पेयजल, सड़क और साफ-सफाई जैसी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया था। स्वयं मंत्री राधा सिंह ने भी एक सप्ताह बाद दोबारा बस्ती का निरीक्षण करने की बात कही थी, लेकिन आज तक न तो मंत्री दोबारा पहुंचीं और न ही समस्याओं का अपेक्षित निराकरण हो सका।

स्थानीय लोगों के अनुसार बस्ती में अब भी स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। कई परिवार दूषित पानी का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं। साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था नहीं होने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है।

### एक सप्ताह का आश्वासन, इंतजार डेढ़ माह

बस्तीवासियों ने नेताओं और अधिकारियों के आश्वासनों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि लगातार संपर्क में रहते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उनका आरोप है कि मंत्री के निर्देशों का भी संबंधित विभागों द्वारा पालन नहीं किया गया। आलम यह है कि बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। बैगा परिवारों का कहना है कि सुविधाओं की कमी का सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ रहा है। पर्याप्त रोशनी और बेहतर सड़क व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान नहीं है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### इनका कहना :-



मोटर पम्प जला हुआ है। कोई सुनने वाला नहीं है। चुनाव के वक्त ही सब नजर आते हैं। हम लोगों की जिंदगी कैसे गुजर रही है, यहां आने और देखने के बाद सब को पता चल जाएगा। यहां एक नही अनेक समस्याएं हैं।
**सौंधिया देवी,** बैगा बस्ती

### इनका कहना :-



डेढ़ महीने पहले यहां मंत्री से लेकर अधिकारी व नेता आए। बहुत सारे वायदे किये, लेकिन एक भी मांग पूरी नही हो पाई। यहां सिर्फ सब फोटो खिचाने आऐ थे, समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। कोई भी सुनने वाला नही है।
**अन्नेलाल बैगा,** बैगा बस्ती

## बैढ़न इलाके में डीजल व पेट्रोल की मची किल्लत



**सिंगरौली 22 जून ( एनबीएन )।** जिला मुख्यालय बैढ़न में डीजल-पेट्रोल की किल्लत दिखने लगी है। आज सुबह से ही गनियारी में स्थित फिलिंग स्टेशन डीजल-पेट्रोल से खाली नजर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि यहां डीजल व पेट्रोल समाप्त हो गये हैं। दरअसल जिले में धीरे-धीरे कच्चे तेलों की किल्लत दिखने लगी है। आज सोमवार की सुबह से ही गनियारी के पेट्रोल पम्प सूने नजर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि जबलपुर से ही टैंकर नही आ पा रहे हैं। संभावना है कि गनियारी के पेट्रोल पंपों में कल मंगलवार की सुबह से पेट्रोल मिल सकता है। पेट्रोल न मिलने से वाहन चालक काफी परेशान रहे।



## खाद-बीज को लेकर हर्रहवा के हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक

### सासन पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली, 22 जून। सासन पुलिस चौकी क्षेत्र के हर्रहवां गांव के हाईटेंशन विद्युत टावर पर आज दोपहर के वक्त एक युवक चढ़ कर खाद-बीज की किल्लत एवं बढ़ते दामों के खिलाफ शोर-शराबा करने लगा। करीब 2 घंटे तक टावर पर चढ़ रहा।**

जानकारी के अनुसार ग्राम हर्रहवा निवासी श्यामसुन्दर प्रजापति उम्र 25 वर्ष आज सोमवार को हाईटेंशन विद्युत टावर पर चढ़ कर शोर-शराबा करने लगा और कहा कि महंगे दामों पर खाद-बीज बेचा जा रहा है और किल्लत भी है। इसकी जानकारी देते हुये तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी पहुंच मामले को सुनते हुये समझाईश देते रहे। करीब 2 घंटे बाद युवक नीचे उतरा। यहां बताते चले कि तीन माह के दौरान टावर पर चढ़ने की 14वीं घटना है। इस तरह के मामले को लेकर अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर में



### ब्रह्माकुमारी संस्थान में हुआ योग

**सिंगरौली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय शाखा तपोवन कंपलेक्स विंध्यनगर द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 20 जून को एनसीएल की दुद्धिचुआ परियोजना में खास महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनसीएल दुद्धिचुआ महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता सिंह उपस्थित थी। साथ ही जून मास के तीसरे रविवार को फादर्स डे का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवी बहन अनीता उपस्थित थी, जो की एक समाज सेविका है एवं भाजपा महिला मंडल की विशेष कार्यकर्ता है।



### शासकीय महाविद्यालय रंपा में योग दिवस आयोजित

**सिंगरौली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। जिसमें योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई एवं आसन और प्राणायाम की वर्तमान समय में उपयोगिता पर जानकारी साझा करते हुए उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं से अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय परिसर को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण कार्य किया गया। उक्त कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. गिरीश कुमार चतुर्वेदी रहे। आज के कार्यक्रम में डॉ. केपी तिवारी, डॉ. कमलेश जायसवाल, डॉ. अवधेश यादव, पुष्पा कुमारी, राजेश शर्मा, राम लगन बसोर सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। शासकीय आदर्श महाविद्यालय रंपा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

### पूर्व मंत्री ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर बोला हमला



**सिंगरौली।** पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल देवसर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के जनसंपर्क कार्यालय में पार्टी के स्थानीय एवं जिले के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा की बोले थे सिंगापुर बनाएंगे और बना दिए नरसंहारपुर वहीं कमलेश्वर पटेल ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है और अघोषित कटौती लगातार जारी है।

### यूथ जिलाध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री से मांगा त्यागपत्र

**सिंगरौली।** यूथ कांग्रेस सिंगरौली के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिसोदिया ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की घटनाओं और परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सिसोदिया ने एक वीडियो संदेश जारी कर इसे अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया है, जिसमें उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की है।



## पैसा सिंगरौली का, विकास दूसरे जिलों में : राजेश

### सरकारी दस्तावेजों के आधार पर बड़ा खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। भारत के ऊर्जांचल के नाम से प्रसिद्ध सिंगरौली जिला आज भारी उद्योगों और खनन गतिविधियों के कारण गंभीर प्रदूषण, विस्थापन, स्वास्थ्य समस्याओं तथा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से जूझ रहा है। खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्राप्त होने वाले जिला खनिज प्रतिष्ठान फंड के उपयोग को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है।**

आप के वर्तमान प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने सरकारी दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया है कि पिछले वर्षों में सिंगरौली के डीएमएफ फंड से लगभग 1000 करोड़ रुपये विभिन्न जिलों में स्थानांतरित कर दिए गए, जबकि यह राशि सिंगरौली के खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर खर्च की जानी चाहिए थी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राजेश सोनी ने कहा कि म.प्र. डीएमएफ नियमों के अनुसार इस निधि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, रोजगार सृजन और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद सिंगरौली के अधिकारों की अनदेखी कर यह राशि अन्य जिलों के निर्माण कार्यों में खर्च की गई। राजेश सोनी ने मांग की है कि सिंगरौली से स्थानांतरित की गई डीएमएफ निधि को 15 दिनों के भीतर वापस जिले के खाते में जमा कराया जाए। प्रेस वार्ता में आप की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता बैस तथा प्रदेश संयुक्त सचिव श्याम सुंदर विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

## बैढ़न-विंध्यनगर मॉडल सड़क के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं : प्रधान

### निर्माण कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों के प्रति आयुक्त ने जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने निगम कार्यालय में सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों के साथ बैठक आयोजित कर माजन मोड़ से इंदिरा चौक तक निर्माणाधीन मॉडल रोड के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।**



बैठक में आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देशित किया। बैठक में सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों के प्रति ननि आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देशित किया।

आगे कहा कि मॉडल रोड शहर की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन होता है। ऐसे में निर्माण कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखे तथा आमजन को कम से कम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीनों एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की संख्या बढ़ाने के निर्देशित किया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रतिदिन कार्य प्रगति की समीक्षा करें।

आयुक्त ने धूल एवं मिट्टी से नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से निर्माणाधीन क्षेत्र में प्रतिदिन तीनों समय नियमित रूप से पानी का छिड़काव करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आगामी 8 दिनों के भीतर उखाड़े गए हिस्से का कार्य पूर्ण कर लिया जाए तथा क्षेत्र में फैले मलबे एवं वेस्ट मटेरियल को पूरी तरह हटाकर मार्ग को व्यवस्थित करें।

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कल

**सिंगरौली 22 जून ( एनबीएन )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थित ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण 24 जून को किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस त्रिपाठी ने जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहें, जिससे निरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।

## जनकल्याण शिविर एवं स्वनिधि महोत्सव आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। नपानि द्वारा सामुदायिक भवन बैढ़न में जनकल्याण शिविर, लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर रानी अग्रवाल एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे एवं त्वरित रूप से पहुंचाना रहा। इस अवसर पर महापौर रानी अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ननि द्वारा आयोजित ऐसे जनकल्याण शिविरों से आम नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सहजता से प्राप्त हो रहा है। वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि जनकल्याण शिविर शासन और जनता के बीच विश्वास का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद रूकमणि प्रजापति, अनिल बैस, सुत्रुघ्न लाल शाह, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

### जिपं में कल आयोजित होगी तेजस स्टार्टअप वर्कशॉप

**सिंगरौली 22 जून ( एनबीएन )।** डीपीआईआईटी भारत सरकार एवं स्टार्टअप इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में जिले में स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 जून को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभागार सिंगरौली में तेजस वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में जिले के स्टार्टअप, बैंकिंग संस्थान, उद्यमी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी सहभागिता करेंगे। वर्कशॉप के माध्यम से स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार, निवेश एवं उद्यमिता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

## कॉम्बिंग गस्त में 20 स्थाई वारंटी गिरफ्तार, 81 वारंटी धराए

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। जिले की पुलिस ने रविवार की मध्यरात्रि व्यापक नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। जिले के सभी अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों ने थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सघन तलाशी और गश्त कर अपराधियों पर शिकंजा कसा।**



अभियान के दौरान जिलेभर में कुल 222 बदमाशों एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 20 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि 81 गिरफ्तारी वारंटियों को भी पकड़कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

इसके अलावा 69 निगरानी बदमाशों एवं 52 गुंडा बदमाशों की गतिविधियों की जांच कर उनका सत्यापन किया गया। पुलिस लाइन, थाना-चौकियों के बल तथा तकनीकी शाखा के समन्वय से कट-ऑफ पार्टियां गठित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी गई। संवेदनशील इलाकों, प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर विशेष निगरानी रखी गई।

## भाजपा नेता वीरेन्द्र मिश्रा के छोटे भाई का निधन

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र मिश्रा के छोटे भाई जयप्रकाश मिश्रा लोलर का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जिले के राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।**



जानकारी के अनुसार बैढ़न स्थित डीएवी क्षेत्र निवासी जयप्रकाश मिश्रा कुछ समय पूर्व एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उनका उपचार हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा था। चिकित्सकों के लगातार प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जयप्रकाश मिश्रा अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता के लिए क्षेत्र में पहचान रखते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

## वनाधिकार संबंधी दावों की जांच कर शीघ्र निराकरण करें : गौरव

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों एवं जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।**

बैठक में कलेक्टर ने मॉडल रोड निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। सड़क के किनारे पड़े मलबे का तत्काल उठाव कराया जाए तथा बिखरी गिट्टी की सफाई कर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को वनाधिकार संबंधी दावों की जांच कर उनका शीघ्र निराकरण करें। साथ ही सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के अंतर्गत वन संसाधनों को चिन्हित कर ग्राम स्तरीय समितियों के माध्यम से दावे प्रस्तुत कराने की कार्रवाई करने को कहा।

### 30 तक जारी रहेगा स्वच्छता का महापर्व

**सिंगरौली 22 जून ( एनबीएन )।** एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 30 जून तक मनाया जा रहा है। इस दौरान एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में स्वच्छता जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रस्तुतियां, चित्रकला, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यशालाओं के जरिए लोगों को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही एनसीएल द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई, खदान क्षेत्रों, अस्पतालों और विद्यालय परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, व्यापक वृक्षारोपण करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्यों को करें पूर्ण : सविता

### ननि आयुक्त ने तेलाई लेक एवं काचन नदी तट पर अमृत योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 22 जून। स्थानीय नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं, स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ननि द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।**



इसी क्रम में ननि आयुक्त सविता प्रधान द्वारा आज तेलाई लेक एवं काचन नदी क्षेत्र में चल रहे सौंदर्यीकरण व अधोसंरचना विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तेलाई लेक परिसर में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार काचन नदी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नदी तट को नागरिकों के लिए आकर्षक एवं बहुउपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने एवं नागरिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आधुनिक यूरिनल निर्माण की कार्यवाही को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देशित किया। निरीक्षण में पार्षद खुर्शीद आलम, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।